हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 29 जुलाई 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार

- लोकसभा ने लोक परीक्षा अनुचित साधन रोकथाम संशोधन विधेयक 2026 पारित किया ।
- लोकसभा ने "एक राष्ट्र -एक चुनाव" से संबंधित विधेयकों की जांच कर रही संयुक्त संसदीय समिति का कार्यकाल, आगामी शीतकालीन सत्र के अंतिम सप्ताह के पहले दिन तक बढ़ाया।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नवनियुक्त ग्रुप डी कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए, उन्हे लोकसेवा की भावना से काम करने का आग्रह किया।
- कुरुक्षेत्र में गुरु दक्ष प्रकाश उत्सव का आयोजन किया गया।
- हरियाणा शिक्षा निदेशालय ने सरकारी स्कूलों में सप्ताह में एक दिन हरियाणा राज्य गीत के सामूहिक गायन को अनिवार्य किया।

********************************************************************

लोकसभा ने आज लोक परीक्षा-अनुचित साधन रोकथाम संशोधन विधेयक, 2026 पारित कर दिया। इस विधेयक से लोक परीक्षा-अनुचित साधन रोकथाम अधिनियम, 2024 में संशोधन किया गया है।

विधेयक में दस वर्ष तक के कारावास, दस करोड़ रुपये तक का जुर्माना और दोषी अपराधियों की संपत्ति जब्त करने जैसे कड़े दंड के प्रावधान शामिल हैं। मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए, विधेयक में प्रत्येक राज्य सरकार और केंद्र शासित प्रदेश को दैनिक सुनवाई के लिए विशेष त्वरित न्यायालय स्थापित करने का आदेश दिया गया है।

विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए कार्मिक, लोक शिकायत और राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि नया विधेयक विद्यार्थियों और युवाओं के कल्याण की रक्षा के लिए सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। डॉ. सिंह ने चर्चा के दौरान विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा असंसदीय भाषा का इस्तेमाल करने की भी आलोचना करते हुए इसे अनुचित और दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

************************************************************
**********

लोकसभा ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' से संबंधित विधेयकों की जांच कर रही संयुक्त संसदीय का कार्यकाल इस वर्ष संसद के शीतकालीन सत्र के अंतिम सप्ताह के पहले दिन तक बढ़ा दिया है।

समिति के अध्यक्ष और भारतीय जनता पार्टी सांसद पी.पी. चौधरी ने संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024 तथा केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 की समीक्षा कर रही संयुक्त संसदीय समिति का कार्यकाल बढ़ाने का प्रस्ताव सदन में पेश किया।

*प्रश्न है कि श्री पी. पी. चौधरी द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव को स्वीकृत किया जाए। जो सदस्य प्रस्ताव पक्ष में हां कहें, हां। जो सदस्य प्रस्ताव के पक्ष में न कहें- ना। मेरे विचार में निर्णय हां वालों के पक्ष में हुआ, हां वालों के पक्ष में हुआ। प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।*

इन विधेयकों का उद्देश्य लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने की व्यवस्था लागू करना है।

*************************************************************
**********

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज पंचकूला में नवनियुक्त ग्रुप-डी कर्मचारियों के लिए आयोजित राज्य स्तरीय परिचय एवं अभिमुखीकरण कार्यक्रम में नव-चयनित 6 कर्मचारियों को प्रतीक स्वरूप नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

मुख्यमंत्री ने मेहनत और प्रतिभा के बल पर सरकारी नौकरी प्राप्त करने वाले सभी 3 हजार 586 युवाओं को बधाई देते हुए कहा –

मुख्यमंत्री ने सभी नव नियुक्त कर्मचारियों से कार्यालयों में लोक सेवा की भावना से काम करने को कहा ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने भर्ती व्यवस्था में व्यापक सुधार किए हैं। इसका परिणाम यह है कि आज युवाओं को बिना खर्ची और पर्ची के, मेहनत, योग्यता तथा प्रतिभा के आधार पर सरकारी नौकरियां मिल रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2024 के विधानसभा चुनाव के दौरान संकल्प पत्र में प्रदेश के 2 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने का वादा किया गया था। पिछले डेढ़ वर्ष में 42,500 युवाओं को सरकारी नौकरियां दी जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के साढ़े 11 वर्षों के कार्यकाल में लगभग 2 लाख युवाओं को पूर्ण पारदर्शिता एवं योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरियां मिली हैं।

उन्होने विपक्षी पार्टियों पर निशाना साधते हुए कहा कि सब भली भांति परिचित है कि पहले की सरकारों में कैसे ठेकेदारों के हाथों युवाओं का शोषण होता था। हमने युवाओं को शोषण से बचाने के लिए न केवल निगम बनाया, बल्कि कानून बनाकर उनके भविष्य को भी सुरक्षित किया है।

************************************************************

**********

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं। हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं।

यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।

************************************************************

**********

आज कुरुक्षेत्र की प्रजापति धर्मशाला में गुरु दक्ष प्रकाशोत्सव का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्यातिथि के तौर पर शामिल हुए हरियाणा के कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने प्रदेशवासियों को गुरु पूर्णिमा और महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती की शुभकामनाएं दीं।

श्री गंगवा ने कहा कि हरियाणा सरकार सभी संतों, महापुरुषों और समाज सुधारकों की जयंती राज्य स्तर पर मना रही है, क्योंकि महापुरुष किसी एक जाति के नहीं बल्कि पूरे समाज के मार्गदर्शक होते हैं।

कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने प्रजापति सभा द्वारा शिक्षा संस्थान शुरू किए जाने की सराहना की।

मीडिया से बातचीत में संसद में नीट परीक्षा को लेकर पूछे गए सवाल पर रणबीर गंगवा ने कहा -

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने इस बार फास्ट ट्रैक अदालतों सहित कड़े प्रावधान लागू किए हैं ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

************************************************************
**************

हरियाणा विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने सरकारी स्कूलों में राष्ट्रीय गान व राष्ट्रीय गीत के साथ साथ राज्य गीत भी गाए जाने के निर्देश दिए हैं । निर्देशों के अनुसार प्रत्येक सरकारी स्कूल में सप्ताह में एकदिन प्रात:कालीन प्रार्थना सभा के बाद हरियाणा राज्य-गीत का सामूहिक गायन करना अनिवार्य होगा । शिक्षा निदेशालय ने प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को कहा है कि इस व्यवस्था को तुरंत प्रभाव से लागू किया जाए। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत, गौरव और राज्य के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना बताया गया है।

************************************************************
***************

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण, मंत्री श्याम सिंह राणा ने आज कैथल में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए सात पुरानी और पांच नई शिकायतों सहित कुल बारह मामलों की सुनवाई की। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि सात शिकायतों का मौके पर ही निपटारा कर दिया

गया, जबकि पांच मामलों में अगली बैठक में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने की हिदायत की है ।

उन्होंने बताया कि गांव हरिपुरा के राशन गबन मामले की शिकायत पर संबंधित डिपो होल्डर के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। सेक्टर-19 में हरित पट्टी विकसित न किए जाने पर अतिरिक्त उपायुक्त सुशील कुमार की अध्यक्षता में संयुक्त जांच समिति गठित की गई ।इसी तरह डीएवी कॉलोनी में सीवर लीकेज से क्षतिग्रस्त मकान के मामले में पात्र परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने को कहा गया है

.....................................................................................

हरियाणा राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष मीना परमार ने आज करनाल में जिला कारागार, नागरिक अस्पताल, वन स्टॉप सेंटर और महिला पुलिस थाना का दौरा कर वहां प्रदत्त सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने जेल में महिला कैदियों व बंदियों से बातचीत की। सुश्री मीना परमार ने नागरिक अस्पताल और जिला जेल में सफाई व्यवस्था खासकर महिला शौचालयों की हालत को दुरूस्त करने के निर्देश भी दिए।

************************************************************

**************